बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन,लि0

खाद्य भवन, दरोगा प्रसाद राय पथ, आर,ब्लॉक रोड नं0–2 पटना 800001

प्रत्रांकः– 12)9:06:81:2018/ 7224 पटना, दिनांक– 17/7/18

प्रेषक,

पंकज कुमार,
प्रबन्ध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार, पटना।

विषयः– **जन वितरण प्रणाली अन्तर्गत डोर स्टेप डिलीवरी योजना लागू करने हेतू जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच को लागू करने के संबंध मे।**

प्रसंगः– **निगम मुख्यालय का पत्रांक–3647 दिनांक–12.04.2018।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, प्रसंगाधीन पत्र का संदर्भ लें जिसके द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी के सघन अनुश्रवण हेतू प्रमंडलवार वाहन के ट्रैकिंग की व्यवस्था 24X7 करने का निदेश दिया गया था। इस संबंध में एक विज्ञापन प्रारूप एवं इससे संबंधित विवरणी संग्लन करते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त जानकारी का फ्लैक्श सभी प्रखंड कार्यालय, जिला प्रबंधक कार्यालय, समाहरणालय तथा अनुमंडल कार्यालय में लगाया जाय ताकि आम लोग इसकी किसी प्रकार की शिकायत कर सकें।

डोर स्टेप डिलीवरी योजना 2016 के अनुपालन में निर्गत विस्तृत दिशा निर्देश के तहत जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच लागू किया गया है। इसके आलोक में 38 जिलों में जी0पी0एस0 एवं लोड सेल युक्त वाहन द्वारा पर्यवेक्षण किया जाता है। निगम मुख्यालय के अतिरिक्त 9 जिलों में निम्न प्रकार से 24X7 पर्यवेक्षण व्यवस्था लागू की गयी है। इसके साथ संबद्ध जिला निम्न प्रकार है।

क्र0	पर्यवेक्षण केन्द्र का नाम	पर्यवेक्षण केन्द्र से संबद्ध जिले	दूरभाष न0
1	पटना निगम मुख्यालय	राज्य के सभी जिले	06122507013
2	पटना	बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, पटना, नालन्दा	06125059138
3	औरंगाबाद	अरवल, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद	06586222786
4	मुजफ्फरपुर	सीवान, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पश्चिम चम्पारण,	06212247553
5	पूर्वी चम्पारण	सारण, वैशाली,गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण	06252232938
6	दरभंगा	दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, शिवहर	06272244027
7	मधेपुरा	सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया	06476222071
8	पूर्णिया	अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार	06454242830
9	भागलपुर	भागलपुर, बांका, लखीसराय, जमुई	06412301039
10	नवादा	नवादा, शेखपुरा, मुंगेर, बेगूसराय	06324212283

बिहार राज्य खाद्य निगम में भारत/बिहार सरकार के विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित खाद्यान्नों के विचलन/कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु 24x7 कार्यरत अन्न पर्यवेक्षण कवच की व्यवस्था लागू है। इसके तहत CMR/FCI गोदाम से खाद्यान्न का उठाव होने पर अपर जिला प्रबंधक (जन वितरण), सह– उठाव प्रभारी एवं SFC गोदाम पर खाद्यान्न की प्राप्ति होने पर सहायक

प्रबंधक द्वारा SMS के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी/कन्ट्रोल रूम को सूचना दी जाती है। इससे खाद्यान्न की कालाबाजारी/विचलन की संभावना कम रहती है।

कई बार ऐसे मामले प्रकाश में आए है कि CMR/ FCI गोदाम से खाद्यान्न के उठाव का SMS किया जाता है जबकि SFC गोदाम पर उसकी प्राप्ति का SMS नहीं किया जाता है। कई बार SFC गोदाम पर खाद्यान्न की प्राप्ति का SMS किया जाता है जबकि CMR/ FCI पर उसके उठाव का SMS नहीं किया जाता है। कई बार CMR/FCI पर खाद्यान्न के उठाव एवं SFC पर खाद्यान्न की प्राप्ति दोनों का SMS नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में खाद्यान्न के कालाबाजारी/विचलन की प्रबल संभावना बनी रहती है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में आदेश दिया जाता है कि ऐसे वाहनों का जिसका Outward, Inward SMS अप्राप्त है, उपरोक्त 24X7 Control Room द्वारा पर्यवेक्षण किया जाय एवं एतद् संबंधी दैनिक प्रतिवेदन महाप्रबंधक आधुनिकीकरण को नियमित रूप से दी जाय ताकि इनके विरूद्ध उचित कार्रवाई की जा सके, और अन्न पर्यवेक्षण कवच की सार्थकता बनी रहे।

इसके अतिरिक्त अपने जिला स्थित जिला आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन केन्द्र के संचालन के संबंध में कम्प्यूटर के जानकार आई0टी0 मैनेजर/एन0आई0सी0 के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी के माध्यम से निरीक्षण कराया जाय ताकि यह व्यवस्था प्रभावी हो सके।

विश्वासभाजन

16/7/2018

प्रबन्ध निदेशक।

ज्ञापांकः— 7224 दिनांक 17/7/18

प्रतिलिपिः— 4G Identity Solution के परियोजना प्रबंधक, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— सभी उपमहाप्रबंधक, महाप्रबंधक, निगम मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— मुख्य महाप्रबंधक (जनवितरण)/मुख्य महाप्रबंधक (अधिप्राप्ति) निगम मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— जनवितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच मुख्यालय नियंत्रण कक्ष के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/7/2018

प्रबन्ध निदेशक।

बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन,लि0
खाद्य भवन, दरोगा प्रसाद राय पथ, आर,ब्लॉक रोड नं0–2 पटना 800001

प्रत्रांकः– 12:01:06:81:2018–3647 / पटना, दिनांक– 12/4/18

प्रेषक,

पंकज कुमार,
प्रबन्ध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला प्रबन्धक,
राज्य खाद्य निगम, बिहार।

विषयः– **जन वितरण प्रणाली अन्तर्गत जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच सख्ती से लागू किये जाने के संबंध मे।**

प्रसंगः– **निगम मुख्यालय का पत्रांक–2957 दिनांक–02.03.2016, पत्रांक–2075 दिनांक–02.03.2017, पत्रांक–2247 दिनांक–07.03.2017, पत्रांक–6637 दिनांक–11.07.2017 एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का पत्रांक–2258, दिनांक–06.04.2016।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, प्रसंगाधीन पत्र का संदर्भ लें, जिसमें जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न के परिवहन में डोर स्टेप डिलीवरी योजना 2016 के अनुपालन में निर्गत विस्तृत दिशा निर्देश के तहत जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच लागू किया गया है। इसके आलोक में 38 जिलों में जी0पी0एस0 एवं लोड सेल युक्त वाहन द्वारा पर्यवेक्षण किया जाता है। निगम मुख्यालय के अतिरिक्त 9 जिलों में निम्न प्रकार से 24x7 पर्यवेक्षण व्यवस्था लागू कि गई है। इसके साथ संबद्ध जिला निम्न प्रकार है–

क्र0	पर्यवेक्षक केन्द्र का नाम	इससे संबंधित जिले	दूरभाष/मो0
1.	पटना, निगम मुख्यालय।	राज्य के सभी जिले।	8969410808
2.	पटना	बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, पटना, नालन्दा,	9546849997
3.	औरंगाबाद	अरवल, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद,	9122911638
4.	मुजफ्फरपुर	सिवान, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पश्चिम चम्पारण,	8002200101
5.	पूर्वी चम्पारण	सारण, वैशाली, गोपालगंज,	9955600324
6.	दरभंगा	दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, शिवहर,	6272244027
7.	मधेपुरा	सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया,	6476222071
8.	पूर्णिया	अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार,	9279371734
9.	भागलपुर	भागलपुर, बाँका, लखीसराय, जमुई,	7488210996
10.	नवादा	नवादा, शेखपूरा, मुंगेर, बेगूसराय,	9934205700

2. वर्ष 2016 एवं 2017 के कतिपय मामलों में गोदाम में क्षति बहुत अधिक पायी गई है, जबकि संबंधित सहायक प्रबंधक द्वारा प्रतिदिन दैनिक भंडार प्रतिवेदन संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक को भेजने का प्रावधान है एवं जिला प्रबंधक द्वारा समेकित कर प्रतिदिन अपराह्न 6.00 बजे तक विहित प्रपत्र में जिला पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय उप निदेशक को भेजने का दिशा निर्देश है।

अतः पुनः आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त निदेश का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

विश्वासभाजन,

अनु0:– यथोक्त।

12/4/2018
प्रबन्ध निदेशक।

बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0

खाद्य भवन, दरोगा प्रसाद पथ, आर.ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-1

Toll Free No :- 1800 3456 194 (24x7)



जन वितरण प्रणाली से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतें टॉल फ्री नम्बर पर 24घंटे में कभी भी की जा सकती है, जैसे जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा अनाज की.काला बाजारी करना, प्रत्येक माह अनाज नही देना या अधिक राशि वसूल किया जाना।
सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों का सोशल ऑडिट सोसाईटी के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण।
सभी राशन कार्ड को आधार से जोड़ने हेतु अपना आधार नम्बर जमा करावें।

जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण कवच'

खाद्यान्न का जी.पी.एस. एवं लोड सेल युक्त वाहन से परिवहन।
प्रारम्भ एवं गंतव्य तक एस.एम.एस. के माध्यम से पर्यवेक्षण।
दैनिक भण्डार प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी/जिला पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय उपनिदेशक खाद्य को ऑन–लाईन उपलब्ध कराया जाना।
एस.एफ.सी. मुख्यालय द्वारा भण्डारण प्रतिवेदन का ऑन–लाईन निरीक्षण।
परिवहन सह–हथालन अभिकर्त्ता (डोर स्टेप डिलीवरी एवं मुख्य) का चयन e-tender के माध्यम से।



सभी प्रमंडलों एवं मुख्यालय में 24X7 कंट्रौल रूम कार्यरत जहॉ जिलावार जी0पी0एस0 एवं लोडसेल युक्त वाहन की ट्रैकिग की जाती है। जिला पदाधिकारी /अनुमंडलपदाधिकारी के अतिरिक्त निम्न नम्बरों पे वाहन ट्रैकिंग की शिकायत की जा सकती है।

मधेपुरा – 06476222071 भागलपुर – 06412301039 मोतिहारी – 06252232938 दरभंगा – 06272244027
नवादा – 06324212283 पूर्णिया – 06454242830 मुजफ्फरपुर – 06212247553 पटना – 06122559138 औरंगाबाद – 06586222786

मुख्यालय नियंत्रण कक्ष 24x7- 06122507013 SMS -/ Whats App.-9472263353

"हम गरीबों में आस एवं किसानों में विश्वास जगाते है"